नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: **07152-252651 मो.9960562305**

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com **वेबसाइट :** www.hindivishwa.org

युवा कथाकार राकेश मिश्र को रवीन्द्र कालिया स्मृति पुरस्कार

वर्धा, 01 फरवरी 2018: वर्ष 2017 का रवीन्द्र कालिया स्मृति पुरस्कार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर, युवा कहानीकार राकेश मिश्र को प्रदान किया जाएगा। निर्णायक समिति के सदस्यों अखिलेश, विजय राय और जितेंद्र श्रीवास्तव ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है। निर्णायक मंडल ने अपनी संस्तुति में कहा है कि 'राकेश मिश्र एक अंतर्दृष्टि सम्पन्न कथाकार हैं । इनकी पहचान वस्तु और रूप- दोनों स्तरों पर हिंदी कहानी के परिसर को विस्तृत करने वाले नवोन्मेषी युवा कथाकार की है। इनकी कहानियों ने पाठकों और आलोचकों को समान रूप से आकृष्ट और प्रभावित किया है। राकेश अपनी कहानियों में सामाजिक-सांस्कृतिक सत्ता संरचना की गंभीर पड़ताल करते हैं । वे हमारी चेतना में जड़ें जमाये बैठी हिंसा की न केवल पहचान करते हैं बल्कि उसे अपनी कहानियों का प्रस्थान बिंदु भी बनाते हैं । अब तक राकेश मिश्र के दो कहानी संग्रह प्रकाशित और प्रशंसित हो चुके हैं। निर्णायक समिति राकेश मिश्र को रवीन्द्र कालिया स्मृति पुरस्कार प्रदान करते हुए प्रसन्नता और संतोष का अनुभव कर रही है।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी आदि ने राकेश मिश्र को बधाई दी है ।